तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 26 नवंबर 2024

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

10 समितियों में पुराने बारदानों की कमी ने बढ़ाई समस्या, मामले को …



09 युवाओं को व्यक्तित्व विकास व करियर…



Shri Gopala HOSPITAL
श्री गोपाला चाइल्ड
एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल



बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध



24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज



बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### पिता की हत्या करने वाले दो सगे भाई गिरफ्तार

**भिलाई।** पिता की हत्या के मामले में दो सगे भाईयों को गिरफ्तार किया है। शराब को लेकर दो सगे भाइयों में विवाद हो रहा था । विवाद को सुलझाने के लिए दोनों भाईयों की मां और पिता आए । कलयुगी बेटे इतने शराब के नशे में थे कि उन्होने बीच-बचाव करने आई अपनी मां को धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया । पिता ने दोनों को समझाने की कोशिश की तो उन्हें जमीन पर पटका और छाती पर चढ़ गए। इससे पिता की मौत हो गई। उतई पुलिस थाना के अंतर्गत हुई इस घटना के आरोपी भाई शशि ठाकुर और दशरत ठाकुर के खिलाफ धारा 103, 3(5) भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत जुर्म दर्ज गिरफ्तार कर लिया है।

### फांसी लगाकर व्यक्ति ने कर ली आत्महत्या

**भिलाई।** वैशाली नगर क्षेत्र के भगत सिंह चौक निवासी एक व्यक्ति ने रविवार को फांसी लगा ली। मृतक जसबीर सिंह नामक व्यक्ति ने अपने घर में आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिवार वालों ने जसबीर सिंह को तुरंत फांसी के फंदे से उतारा और कार से पास के अस्पताल ले गए, लेकिन वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।जसबीर सिंह के घरवालों के अनुसार, सुबह सब कुछ सामान्य था। उन्होंने रोज़ की तरह सुबह उठकर चाय पी और घर के अन्य सदस्यों से बातचीत भी की। लेकिन कुछ ही देर बाद परिवार ने उन्हें कमरे में फंदे पर लटका पाया। इस अप्रत्याशित घटना से पूरा परिवार सदमे में है।

### सीआईएसएफ के रिटायर्ड जवान की हत्या का प्रयास निगरानीशुदा गिरफ्तार

**भिलाई।** सीआईएसएफ के रिटायर जवान की हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस ने निगरानीशुदा बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। नेवई थाने के अंतर्गत आरोपी शंभू उड़िया को पकड़ा है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। लाइसेंसी पिस्टल से सीआईएसएफ के जवान ने फायर कर अपनी जान बचाई। पुलिस अधीक्षक दुर्ग जितेन्द्र शुक्ला के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) सुखनंदन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई सत्यप्रकाश तिवारी के मार्गदर्शन में चाकू कटर रखने वाले चाकू कटर बाजों पर निगाह रखकर वैधानिक कार्यवाही हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान सूचना मिली कि 23 नवंबर को स्टेशन मरोदा चौपाटी के पास राकेश भदौरिया उर्फ राहुल के महिन्द्रा कार को निगरानी बदमाश शंभु उड़िया रोका है। शंभू अपने जीजा के साथ आकर पैसा मांगा और नहीं देने पर आपसी विवाद होने से जान से मारने की धमकी देकर चला गया।

नए-पुराने बारदाने के नियम ने बढ़ाई परेशानी, सेवा सहकारी समिति धनोरा का मामला

# सुबह से उपार्जन केंद्र पहुंचे किसान, धान बेचने पुराने बारदाने का करते रहे इंतजार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

सेवा सहकारी समिति धनोरा में अधिकारियों की लापरवाही के कारण किसान सोमवार को दिनभर परेशान रहे। प्रातः से समिति में धान लाने के बाद भी 12 बजे तक उन्हें बारदाना नहीं दिया गया। 12 बजे के बाद नया बारदाना दिया गया, वहीं पुराने के लिए 4 बजे तक इंतजार करना पड़ा।

सेवा सहकारी समिति धनोरा में धान खरीदी के 10वें दिन ही किसान व समिति प्रबंधन आमने-सामने आ गए। विवाद बारदाना को लेकर प्रारंभ हुआ। समिति में पुराने बारदाना की कमी है। शासन से स्पष्ट आदेश है कि खरीदी में आधा बारदाना नया व आधा बारदाना पुराना उपयोग किया जाएगा। जिले में राईस मिलर बीते एक सप्ताह से हड़ताल पर हैं। हड़ताल के कारण मिलरों ने पुराना बारदाना देना बंद कर दिया है। इसके कारण समिति में पुराना बारदाना की कमी हो गई है। जबकि अन्य कई समितियों में प्रबंधन ने पहले ही पुराने बारदानों की व्यवस्था मिलरों से कर रखी थी। धनोरा समिति में पीडीएस का बारदाना ही आया। आरोप है कि समिति ने मिलरों से बारदाना लेने में उदासीनता बरती, जिसके कारण यह स्थिति निर्मित हुई। जिला प्रशासन ने शनिवार को आदेश जारी कर समितियों को किसानों से पुराना बारदाना लाने का आग्रह करने कहा था। अधिकांश किसानों का आरोप है कि उन्हें इसकी सूचना नहीं दी गई। रविवार को कुछ किसानों को फोन के माध्यम से सूचना दी गई कि पुराना बारदाना लाने पर ही धान खरीदी की जा सकेगी। लेकिन, बहुसंख्यक किसानों को इसकी जानकारी नहीं थी। समिति में धान बेचने पहुंचे केवल 4 किसानों ने कहा ▶▶| शेष पेज 08 पर

### डीएमओ से पुराना बारदाना आने के बाद ही होगी खरीदी

नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी परमानंद साहू ने कहा कि अभी प्रभार नहीं लिया हूं। इसके संबंध में कुछ नहीं जानता। वहीं, प्रभारी समिति प्रबंधक मनहरण लाल साहू ने कहा कि मुझे रविवार को दोपहर में वाट्सएप पर जानकारी मिली कि किसानों को पुराना बारदाना लाना होगा, जिसके बाद ही खरीदी हो सकती है। कुछ किसानों को फोन पर सूचित किया गया, वहीं, कुछ लोगों से बात नहीं हो सकी।

### समितियों को शनिवार को सूचित कर दिया गया था

सहायक नोडल अधिकारी ने कहा कि हमने शनिवार को सभी समितियों को सूचित कर दिया था कि किसान से बारदाना मंगवा सकते हैं। किसानों द्वारा लाए गए बारदाने के बदले 25 रूपए का भुगतान शासन द्वारा किया जाएगा।

# कोटरी छापर बांध का गेट जर्जर टूटने से बचाने लकड़ी का सहारा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विकासखण्ड के ग्राम पंचायत हितेकसा के आश्रित ग्राम गोटाटोला स्थित कोटरी छापर बांध का गेट अत्यंत जर्जर हो चुका है। वन परिक्षेत्र बड़भूम के अंतर्गत यह ग्राम आता है, लेकिन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के ध्यान नहीं दिए जाने से स्थिति ज्यादा खराब हो गई है।

- गेट टूटने से फसल नुकसान की आशंका ने बढ़ाई किसानों की चिंता

कोटरी छापर बांध गांव वालों की निस्तारी का मुख्य साधन है। गर्मी के दिनों में बांध सूख जाता है तो ग्रामीणो को निस्तारी की समस्या होती है। ग्रामीणों का कहना है कि कोटरी छापर बांध का गेट जर्जर हो चुका है, जिसे बनाने के लिए फारेस्ट विभाग को आवेदन दे-देकर वे थक चुके हैं। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कलेक्टर, डीएफओ, वन मंत्री, सांसद, जिला पंचायत के अलावा ग्राम सुराज में भी आवेदन दिया, लेकिन गेट का सुधार नहीं हो सका। उन्होंने बताया कि वर्तमान में बांध लबालब पानी भरा हुआ है। गेट में लकड़ी को सहारा बना कर टिकाकर रखे हुए हैं। कब क्या हो जाएगा, कहा नहीं जा सकता। ग्रामीणों ने बताया कि गेट के टूटने से किसानों को फसल के नुकसान होने का डर सता रहा है।

ग्रामीण ग्राम पटेल प्यारे लाल नेताम, परमेश्वर सिन्द्राम, शंभू नेताम ▶▶| शेष पेज 08 पर

# परिवहन संघ ने निकाली बाइक रैली, किया चक्काजाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

राजहरा परिवहन संघ द्वारा पांच सूत्रीय मांगों को लेकर दल्लीराजहरा में चल रहा आंदोलन और चक्काजाम तीव्र होता जा रहा है। बीएसपी प्रबंधन द्वारा अनदेखी और मांगों का समाधान न होने से आंदोलन पांचवें दिन भी जारी है। 26 नवंबर से दल्ली, राजहरा और महामाया माइंस से लौह अयस्क परिवहन को पूरी तरह ठप करने का निर्णय लिया गया है।

- मांगों को लेकर तेज हुआ आंदोलन

सोमवार को धरनास्थल से मोटरसाइकिल रैली निकाली गई, जो जैन भवन चौक, थाना चौक, बस स्टैंड चौक, गुप्ता चौक, पुराना बाजार चौक ▶▶| शेष पेज 08 पर

### चक्काजाम के बाद जागा प्रशासन व प्रबंधन, चर्चा बेनतीजा




उधर, चक्काजाम के बाद प्रबंधन व प्रशासन जागा और कुछ अधिकारियों ने आंदोलनकारियों से बातचीत की। इनमें बाआरके सोनकर एसडीओ, राजस्व, डॉ. चित्रा वर्मा नगर पुलिस अधीक्षक, डॉ. जेएस बघेल उप प्रबंधक कार्मिक, आईओसी, मयाराम ठाकुर जीएम, झरन दल्ली माइंस, अरुण कुमार जीएम, महामाया-दुलकी माइंस शामिल थे। हालांकि चर्चा के दौरान बीएसपी प्रबंधन के अधिकारियों ने कहा कि परिवहन संघ की मांगों का समाधान करना उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं है। इस पर आंदोलनकारियों ने कहा कि हमारी बात उन्हीं अधिकारियों से करवाई जाए, जो हमारी मांगों का समाधान कर सकें।

पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

### आरटीई में 140 फर्जी आवेदकों के खिलाफ होगी पुलिस कार्रवाई

**भिलाई।** आरटीई में अलग -अलग नोडलों में एक ही बच्चे का आवेदन कर एडमिशन लेने और कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर गरीब बच्चों की सीटें हथियाने वालों पर जिला प्रशासन सख्त कार्रवाई का निर्णय लिया है। कलेक्टर ने ऐसे फर्जी एडमिशन के मामलों की जांच और कार्रवाई के लिए जिला स्तरीय समिति बना दी है। इस समिति द्वारा ऐसे मामलों पर निर्णय लिए जाएंगे। कलेक्टर ने समिति के लिए जो एजेंडा तय किए हैं। वहीं समिति ने वर्ष 2024- 25 में लाटरी के बाद 140 डुप्लीकेट आवेदनों के संबंध में बच्चों के अभिभावकों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करने के लिए पत्र भेजने कहा है। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि जिन बच्चों का प्रवेश निरस्त किए जाएंगे उनका प्रवेश समीपस्थ स्वामी आत्मानंद इंग्लिश सरकारी स्कूल में करवा दें। निरस्तीकरण होने के बाद रिक्त सीटों को उसी सत्र के आवेदकों को लॉटरी में शामिल किया जाए।



# दक्षिण के उपचुनाव में निर्दलियों पर भारी पड़ा नोटा, 17 प्रत्याशियों को 100 से कम वोट

## 28 की जमानत जब्त, निर्दलीय प्रत्याशियों से अधिक नोटा को मिले 1147 वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप


रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में 17 प्रत्याशियों को 100 से भी कम वोट मिले। कुल 30 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। इनमें कांग्रेस और भाजपा प्रत्याशी के बीच प्रमुख मुकाबला रहा। शेष प्रत्याशियों में अधिकांश निर्दलीय थे, जिन्हें एक-एक वोट के लिए मशक्कत करनी पड़ी। निर्दलियों में सबसे अधिक 881 वोट अंकुश बेरिएकर को मिले। वहीं नोटा को इन सबसे ज्यादा 1147 वोट मिले। चुनाव में सभी निर्दलियों को मिलाकर कुल 2.36 प्रतिशत मत मिले। वहीं अकेले नोटा को 0.81 प्रतिशत मत मिले।

दक्षिण के उपचुनाव में अधिकांश मुस्लिम प्रत्याशी खड़े हुए थे, इनमें से सभी को 200 से कम वोट मिले। चुनाव के दौरान अधिकांश प्रत्याशियों का प्रचार पूरे शहर में कहीं नहीं दिखा। आपसी संबंधों के आधार पर उन्होंने वोट बटोरे। एक प्रत्याशी को छोड़कर किसी को 500 से अधिक मत नहीं मिले। चार सौ से कम मत पाने वाले प्रत्याशियों के केवल दो हैं, इनमें जीतेंद्र शर्मा और चंद्रप्रकाश कुर्रे शामिल हैं। दो सौ से अधिक मत पाने वालों में अखिलेश ब्रम्हदेव शामिल हैं, उनहें 229 वोट मिले। 200 से कम और 100 तक वोट पाने वाले पांच प्रत्याशी हैं। उसके बाद कोई भी प्रत्याशी 100 का आंकड़ा नहीं छू पाया। सबसे कम 25 वोट रिजवान को मिले। इनमें से अधिकांश प्रत्याशी वोट काटने के लिए खड़े थे। आम लोगों के बीच उनके नाम का प्रचार न होने से जान-पहचान वालों के वोट उनके खाते में आए। दक्षिण के उपचुनाव में निर्दलीय प्रत्याशियों ने कुल 3528 वोट बटोरे।

### भाजपा-कांग्रेस को छोड़ शेष जमानत नहीं बचा पाए

उपचुनाव में 30 प्रत्याशियों ने किस्मत आजमाई। इनमें से दो को छोड़कर शेष प्रत्याशी जमानत के लिए आवश्यक 10 प्रतिशत वोट भी नहीं पा सके। उनकी जमानत जब्त हो गई। अब उन्हें जमानत राशि वापस नहीं मिलेगी। चुनाव के दौरान खर्च का ब्योरा उन्हें देना होगा। चुनाव परिणाम आने के एक माह के अंदर सभी को अपने चुनाव व्यय की पूरी जानकारी निर्वाचन आयोग को देनी होगी। खर्च का ब्योरा न देने पर उन्हें आगे चुनाव के लिए प्रतिबंधित किया जा सकता है।


भाजपा-कांग्रेस चुस्त, वोटर सुस्त, कम वोटिंग ने बढ़ाई उम्मीदवारों की टेंशन
विधानसभा चुनाव के मुकाबले उपचुनाव में उदासीन, अब तक का सबसे कम वोटिंग प्रतिशत
हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर
जीत-हार का
शाम तक केवल 50 फीसदी मतदान




## खबर संक्षेप



### मंत्री नेताम से मिलने अस्पताल पहुंचे भूपेश

**रायपुर।** सड़क हादसे में जख्मी हुए कृषि मंत्री रामविचार नेताम का इलाज रामकृष्ण अस्पताल में चल रहा है। रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उनका कुशलक्षेम पूछने अस्पताल पहुंचे। उनके अलावा नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, विधायक भैयालाल राजवाड़े, पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप सहित अनेक नेताओं ने उनसे मुलाकात की। श्री नेताम की कार को शुक्रवार रात बेमेतरा इलाके में पिकअप ने ठोकर मार दी थी। हादसे में उनके अलावा पीएसओ, ड्राइवर तथा एक अन्य को चोटें आई थीं।

### निजात अभियान में शामिल हुए कॉलोनीवासी



**रायपुर।** 75वीं संविधान दिवस के पूर्व संविधान द्वारा प्रदत्त नागरिकों के मौलिक अधिकारों को लेकर रविवार को प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी लभांडी में जनजागरूकता अभियान चलाया गया। साथ ही कॉलोनीवासी पुलिस के निजात अभियान में शामिल हुए। इस दौरान विधि विशेषज्ञ, पुलिसकर्मी, नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी और समाजसेवियों ने उपास्थित होकर सामाजिक संदेश देकर कॉलोनीवासियों को जागरूक किया। इस मौके पर नशामुक्ति महाभियान के संयोजक, अधिवक्ता भगवानू नायक, नगर निगम अधिकारी अमित बोस ने कॉलोनीवासियों को जानकारी दी।

### मारवाड़ी समाज के परिचय सम्मेलन के लिए बैठक

**रायपुर।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा मारवाड़ी समाज का सामूहिक परिचय सम्मेलन राजधानी रायपुर में आयोजित करने एक बैठक होटल में रखी गई। यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी राजकुमार राठी ने बताया कि सभी समाज के युवक-युवती के विवाह में आ रही दिक्कत को देखते हुए जैन, अग्रवाल, माहेश्वरी, गुप्ता, खंडेलवाल समाज का एक प्रदेश स्तरीय सामूहिक परिचय सम्मेलन शीघ्र आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने आगे बताया कि परिचय सम्मेलन में अविवाहित युवक-युवती के अलावा विधवा, विधुर, तलाकशुदा प्रतिभागी भी शामिल हो सकते हैं। अनिता खंडेलवाल ने बताया कि कुंडली मिलन के लिए लैपटॉप एवं पंडितों की व्यवस्था भी की जाएगी।

### खुशबू को पीएचडी

**रायपुर।** मैट्स यूनिवर्सिटी ने खुशबू अग्रवाल को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का विषय इन्हांसमेंट ऑफ कन्वेंशनल डाटा माईनिंग अल्गोरिदम फॉर क्लासिफिकेशन एंड प्रिडक्शन ऑफ लार्ज स्केल एकाडेमिक डाटा इन कंटेक्स्ट ऑफ यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन था। उन्होंने अपना शोधकार्य डॉ. भावना नराइन की मार्गदर्शन में पूरा किया। वे यूनियन बैंक के पूर्व अधिकारी धर्मेंद्र अग्रवाल, डॉ. सुलेखा अग्रवाल की बहू तथा बिलासपुर निवासी सरला, स्व. बालमुकुंद की पुत्री हैं।

## आयोजन : भारतीय बौद्ध महासभा जिला इकाई बालोद द्वारा किया गया आयोजन

# डौंडीलोहारा में मनाई गई भारतीय संविधान दिवस की हीरक जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा






26 नवम्बर 2024 को भारतीय संविधान को अंगीकृत किए 75 वर्ष पूर्ण होने जा रहा है। इस वर्ष संविधान दिवस की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर पूरे देश में हीरक जयंती मनाई जा रही है। इसी तारतम्य में अम्बेडकर भवन डौण्डी लोहारा में भारतीय बौद्ध महासभा जिला इकाई बालोद द्वारा संविधान दिवस की हीरक जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पंचायत डौण्डी लोहारा की उपाध्यक्ष विद्या शर्मा थीं, अध्यक्षता भारतीय बौद्ध महासभा छत्तीसगढ़ के प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत कांडे ने की।

सर्वप्रथम बस स्टैण्ड चौक डौण्डीलोहारा में स्थापित भारत रत्न बाबासाहेब आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। जिला समिति के धम्म संस्कारक बी.एल.बौद्ध ने त्रिशरण पंचशील वंदना करवाया। उसके बाद तथागत बुद्ध, बाबासाहेब आम्बेडकर के छायाचित्र एवं भारतीय संविधान की पुस्तिका पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर भारतीय संविधान की उद्देशिका का वाचन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चन्द्र दर्शन ठाकुर ने कहा कि हमें शिक्षित बनने और शिक्षा की ज्योति को बनाए रखना है। संविधान दिवस किसी एक समाज का नहीं वरन देश में निवासरत समस्त लोगों का कार्यक्रम है। श्यामलाल गांवरे ने कहा कि देश में विधि का शासन है, व्यक्ति चाहे किसी भी सर्वोच्च पद पर क्यों न हो संविधान के दायरे में रहकर कार्य करता है, आचरण करता है। बुटूराम पूर्णे ने कहा कि बासाहेब अम्बेडकर ने संविधान का निर्माण करके समस्त मानव को समानता का अधिकार दिया। जे.आर बिरहा ने संविधान में निहित सामाजिक आरक्षण पर प्रकाश डाला। संगीता वैदे ने कविता के माध्यम से कहा कि संविधान हमारी पहचान है देश की शान है। प्रमोद कावड़े ने कहा कि भारतीय संविधान बाबा साहेब के कई वर्षों के संघर्षों का परिणाम है। चन्द्रशीला बांबेश्वर, प्रीतम मेश्राम ने भी संबोधित किया।

अध्यक्षीय उद्बोधन में हेमंत कांडे ने बाबासाहेब अम्बेडकर जी के संघर्ष भरे जीवन गाथा की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब को संविधान प्रारूप समिति का अध्यक्ष चुना गया, परिणाम स्वरूप हमें समता, स्वतंत्रता, बंधुता और न्याय से समावेशित संविधान मिला। मुख्य अतिथि विद्या शर्मा ने संविधान दिवस की बधाई दी।

इस समारोह में विशिष्ट अतिथि चंद्रदर्शन ठाकुर, श्यामलाल गांवरे, प्रीतम मेश्राम, जे.आर. बिरहा, बुटूराम पूर्णे, प्रमोद कावड़े, संगीता वैदे सहित अनेक नागरिक उपस्थित थे। स्वागत भाषण भारतीय बौद्ध महासभा के जिला अध्यक्ष दिलीप मेश्राम ने दिया। कार्यक्रम का संचालन समिति के जिला महासचिव कमलकांत रामटेके एवं आभार प्रदर्शन जिला समिति बालोद के सलाहकार किशोर बांबेश्वर ने किया।

# बढ़ते अपराध पर नकेल कसने से चाकूबाजी में 40 प्रतिशत की कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर




- पिछले वर्ष की तुलना में 171 के बजाय 102 चाकूबाजी की घटनाएं
- छेड़छाड़, रेप की घटनाओं में कमी के साथ हत्या की वारदातें बढ़ीं

पुलिस ने पिछले वर्ष फरवरी से अक्टूबर के बीच घटित आपराधिक घटनाओं की तुलनात्मक रिपोर्ट तैयार की है। पुलिस द्वारा तैयार रिपोर्ट के मुताबिक, इस वर्ष फरवरी से अक्टूबर के बीच घटित आपराधिक घटनाओं में तीन प्रतिशत की आंशिक कमी आई है। चाकूबाजी की घटनाओं में 40 प्रतिशत कमी हुई है। हत्या की वारदातों में इस वर्ष वृद्धि दर्ज की गई है। पुलिस द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2023 में फरवरी से अक्टूबर के बीच 8224 अपराध दर्ज किए गए थे। इस वर्ष इसी अवधि में 7970 अपराध दर्ज किए गए हैं। पिछले वर्ष जहां अलग-अलग थानों में 171 चाकूबाजी की घटनाएं हुई थीं। इस बार 102 चाकूबाजी की घटनाएं हुई हैं।


*ये है स्थिति : रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष फरवरी से अक्टूबर के बीच 58 हत्या की वारदातें हुई हैं। पिछले वर्ष 54 हत्याएं दर्ज की गई थीं। इसी तरह से छेड़छाड़, यौन हिंसा के मामले में चाकूबाजी के बाद सबसे ज्यादा कमी आई है। पिछले वर्ष 164 छेड़छाड़ तथा यौन हिंसा के मामले दर्ज किए गए थे। इस वर्ष 118 मामले दर्ज किए गए हैं। इस तरह से यौन हिंसा से जुड़े मामले में 28 प्रतिशत की कमी आई है। पुलिस के अनुसार मारपीट, चोरी के मामले में 9 तथा 3 प्रतिशत की कमी आई है। निजात अभियान के तहत मादक पदार्थों की अवैध खरीदी-बिक्री रोकने चलाई जा रही मुहिम के चलते अपराधों में कमी आई है।*

### किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार से की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य आंदोलनकारी छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल दुबे सहित पदाधिकारियों ने किसानों की समस्याओं को लेकर विष्णुदेव सरकार को प्रस्ताव दिया है। प्रस्ताव में बताया कि प्रदेश में धान खरीदी पर संकट के बादल गहराने लगे हैं, जिसके कारण प्रदेश की सभी राइस मिल किसान मोर्चा को दी जाएं, वे लीज पर 66 रुपए में मिलिंग करेंगे। राइस मिलरों द्वारा धान नहीं उठाया जा रहा है, जिससे किसानों को भारी दिक्कत हो रही है। साथ ही राइस मिलरों पर एस्पा कानून लागू किया जाना चाहिए। धान खरीदी की तौल में कमी आ रही है और नापतौल विभाग द्वारा इलेक्ट्रॉनिक मशीनों में सील नहीं लगाई गई है, जिससे किसानों को धान बेचने में नुकसान हो रहा है। सरकार सारी व्यवस्था जल्द से जल्द करे। इसके अलावा किसानों की कई समस्याएं हैं।

# रायपुर स्मार्ट सिटी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की बैठक जल्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर




- फुंडहर और लभांडी पानी टंकी के इंटर कनेक्शन के लिए फंड संबंधी प्रस्ताव
- आईटीएमएस के मेंटेनेंस को लेकर हो सकती है चर्चा

रायपुर स्मार्ट सिटी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की बैठक स्मार्ट सिटी के सभाकक्ष में जल्द आयोजित होगी। इस बैठक में मुख्य रूप से राजधानी के आउटर वार्ड में अमृत मिशन के तहत बनाए गए गांव फुंडहर और लभांडी की नई पानी टंकी को राइजिंग लाइन से जोड़ने और डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने के लिए नगर निगम को फंड उपलब्ध कराने क प्रस्ताव पर निर्णय लिया जाएगा। इसी तरह जयस्तंभ चौक स्थित नगर निगम के मल्टीलेवल पार्किंग परिसर के टॉप फ्लोर में संचालित आईटीएमएस के हैंडओवर और मेंटेनेंस संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा हो सकती है।

दरअसल नगर निगम द्वारा रायपुर स्मार्ट सिटी को पत्र लिखकर अमृत मिशन के तहत लभांडी और फुंडहर में बनाई गई नई पानी टंकी को राइजिंग लाइन से जोड़ने फंड मांगा गया है। जोन 9 क्षेत्र स्थित शहीद विद्याचरण शुक्ल वार्ड में 2 नई पानी टंकी बनकर तैयार हैं, पर टंकियों को राइजिंग लाइन से जोड़ने और डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने के लिए निगम के पास फंड नहीं है। डेढ़ साल से यह काम अटका हुआ है। ऐसे में प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने पहले पंद्रहवें वित्त आयोग मद से 48 करोड़ का प्रस्ताव शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजा, पर डेढ़ साल बीतने के बाद भी इसकी मंजूरी नहीं मिली।

#### बोरवेल्स और कुंए के भरोसे ग्रामवासी

दोनों गांवों के रहवासी अब भी बोरवेल और कुंए के भरोसे अपनी प्यास बुझा रहे हैं। जबकि अमृत मिशन के तहत करोड़ों खर्च कर बनाई गई नई पानी टंकी मात्र शोपीस बनकर रह गई है। डेढ़ साल से अटके काम को पूरा कराने नगर निगम द्वारा स्मार्ट सिटी को पत्र भेजा गया। इसे संज्ञान में लेते हुए अब इस प्रस्ताव को रायपुर स्मार्ट सिटी के संचालक मंडल की बैठक में रखे जाने की तैयारी है।

## 21 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए भूमिपूजन



**रायपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में 29 नवंबर से 1 दिसंबर तक बोरियाखुर्द के खेल मैदान में 21 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं निशुल्क संस्कार महोत्सव आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के लिए भूमिपूजन व ध्वजपूजन रविवार को रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू द्वारा गायत्री परिवार के वरिष्ठ प्रतिनिधि दिलीप पाणिग्रही, श्याम बैस, सदाशिव हथमल, लच्छूराम निषाद, कार्यक्रम संयोजक मोहनलाल साहू, आयोजक ऋषि साहू के साथ विधि-विधान व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। इस मौके पर यज्ञाचार्य ने बताया कि भूमि का अच्छे-बुरे संस्कार मनुष्य के जीवन को प्रभावित करते हैं। यज्ञ में पुंसवन, नामकरण, अन्नप्राशन, मुंडन, कर्णछेदन, विद्यारंभ, दीक्षा, यज्ञोपवीत, विवाह, जन्मदिवस, विवाह दिवस इत्यादि विविध संस्कार निशुल्क संपन्न होंगे। इसी दौरान रायपुर ग्रामीण के विधायक श्री साहू ने कहा कि गायत्री मंत्र से मनुष्य में सद्बुद्धि का विकास और यज्ञ से वातावरण का परिशोधन व मानव मात्र का कल्याण होता है।

# ई-चालान से बचने नंबर प्लेट में टेंपरिंग, दो दबोचे गए, गंभीर धाराओं के तहत केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

ट्रैफिक उल्लंघन करने पर ई-चालान से बचने शरारती वाहन चालकों द्वारा नंबर प्लेट में टेंपरिंग कर, गलत नंबर प्लेट लगाकर वाहन चलाने का मामला सामने आया है। सिविल लाइंस पुलिस ने नंबर प्लेट में टेंपरिंग कर वाहन चलाने के आरोप में दो दोपहिया वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ पुलिस ने बीएनएस 318(4), 319(2), 338, 336 (3), 340(2) 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है।

पुलिस के मुताबिक, अरुण अवस्थी, दीपक देवांगन की शिकायत पर ताजनगर निवासी मोहम्मद अहमद तथा राजा तालाब निवासी भावेश सावरकर को गिरफ्तार किया गया है। अरुण तथा दीपक ने पुलिस और ट्रैफिक थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके वाहन का पिछले कई महीनों से लगातार ई-चालान आ रहा है। ई-चालान उन जगहों से है, जहां उनकी दोपहिया संबंधित तारीख को उस क्षेत्र से गुजरी ही नहीं है।

#### आईटीएमएस के माध्यम से हुआ खुलासा

पुलिस के मुताबिक, शिकायत के आधार पर आईटीएमएस के माध्यम से वाहन मॉडल तथा वाहन नंबर की तसदीक की गई। नंबर तसदीक करने पर संबंधित वाहन अरुण तथा दीपक का नहीं होना पाया गया। इसके बाद पुलिस ने दोनों वाहनों के बारे में जानकारी जुटाकर नंबर टेंपरिंग कर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों को गिरफ्तार किया।



- शरारती वाहन चालकों ने निकाला बचने का रास्ता
- ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने के लगातार आ रहे थे ई-चालान
- असल वाहन नंबर के मालिक की शिकायत पर पुलिस ने की कार्रवाई

*10 साल से ज्यादा सजा का प्रावधान*
*नंबर प्लेट टेंपरिंग कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने गैर जमानती धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। दर्ज धाराओं में आरोप सिद्ध होने पर 10 साल से ज्यादा की सजा का प्रावधान है। ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से ई-चालान से बचने नंबर प्लेट में टेंपरिंग करने से बचने की सलाह दी है।*

#### 53 हजार का चालान आने पर की शिकायत

पुलिस के अनुसार मोहम्मद ताज नंबर टेंपरिंग कर वाहन नंबर सीजी 04 पीसी 3569 चला रहा था। उस नंबर के कुल नौ ई-चालान जनरेट हुए थे। नौ ई-चालान में 39 हजार रुपए जुर्माना किया गया था। इसी तरह से भावेश टेंपरिंग कर सीजी 04 पीटी 5289 नंबर से वाहन चला रहा था, उस नंबर से कुल चार ई-चालान जनरेट हुए और 14 हजार रुपए चालान कटा है।

## पेज 7 के शेष

### कोटरी छापर बांध का गेट ...

वीरेन्द्र जुर्री, वंशी राम पोया, नीरज मंडावी, नारद राम यादव ने बताया कि कोटरी छापर बांध में पूरे गांव के लोग निस्तारी करते हैं। जंगली–जानवर भी इसी बांध के पानी से अपनी प्यास बुझाते हैं। गेट बनाने के लिए बार-बार विभाग को अवगत करा रहे हैं, लेकिन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि इससे कभी भी अनहोनी होने का भय सता रहा है। अभी लकड़ी से गेट को सहारा दिया गया है, अगर लकड़ी सड़ गई, तो गेट कभी भी गिर सकता है। वहीं, इस संबंध में डिप्टी रेंजर एसएल डड़सेना ने बताया कि कोटरी छापर बांध के गेट का प्रस्ताव बना कर उच्च अधिकारी को भेज दिया गया है।

### सुबह से उपार्जन केंद्र पहुंचे ...

कि उन्हें फोन पर पुराना बारदाना लाने को कहा गया था। लेकिन 20 से अधिक किसानों ने ऐसी सूचना नहीं मिलने की बात कही। 20 से अधिक किसानों ने कहा कि उन्हें समिति में धान लाने के बाद पुराना बारदाना लाने को कहा गया। सोमवार को किसान जब धान लेकर धनोरा समिति पहुंचे, तब उन्हें घर से पुराना बारदाना लाने की बात पता चली। सोमवार को समिति में 50 किसानों ने टोकन कटवाया था, जिसके तहत 2120.8 क्विंटल धान की खरीदी की जानी थी। इसके लिए 5302 बारदाने की आवश्यकता थी। समिति में नया बारदाना तो पर्याप्त है, लेकिन पुराना बारदाना नहीं होने की जानकारी समिति प्रबंधक ने दी।

### परिवहन संघ का ...

होते हुए चक्काजाम स्थल डड़सेना पुलिया तक पहुंची। वहां सभी आंदोलनकारी सड़क पर बैठक गए। चक्काजाम स्थल पर बैठने से महामाया और दुलकी माइंस से लौह अयस्क लेकर आने-जाने वाली गाड़ियां बाधित हो गईं। इससे कुछ गाड़ियां भरी और कुछ खाली अवस्था में खड़ी रहीं। इसके कारण माइंस से आने-जाने वाली गाड़ियों की संख्या नगण्य हो गई। इसके साथ ही राजहरा परिवहन संघ ने साफ कहा है कि उनकी मांगों का समाधान होने तक आंदोलन जारी रहेगा। इसके साथ ही चेतावनी भी दी कि अब वे लौह अयस्क परिवहन को पूरी तरह से ठप करने के लिए तैयार हैं। इस दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही। थाना प्रभारी सुनील तिर्की स्वयं अपनी पूरी टीम के साथ चक्काजाम स्थल पर मौजूद रहे और स्थिति पर नजर बनाए रखी।

# पार्किंग ठेका की कमाई से ट्रांसपोर्ट नगर में बिजली सफाई की सुविधा देने प्लानिंग के बाद फाइल बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रावांभाठा में बसाए गए ट्रांसपोर्ट नगर की व्यवस्था बहाली के लिए जुलाई 2023 में की गई प्लानिंग की अधिकारी बदलते ही हवा निकल गई। यहां स्ट्रीट लाइट, पानी के साथ ही सफाई की बेहतरी के लिए निगम के पास कर्मचारी भी नहीं हैं। इसे देखते हुए बिरगांव निगम के पूर्व आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने ट्रांसपोर्ट नगर के 6 बड़े और दो छोटे पार्किंग में वाहनों की पार्किंग से होने वाली कमाई से वहां सुविधा बढ़ाने के लिए तैयारी की थी। उनका ट्रांसफर होते ही मसौदे की फाइल ही बंद कर दी गई है। रायपुर निगम ने जिस तरह से बस स्टैंड में पार्किंग के लिए शुल्क तय किया है। उसी तर्ज पर बिरगांव की सामान्य सभा में भी वार्ड 13 में स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में वाहनों की पार्किंग के लिए दरें तय की गई। इस संबंध में पक्ष- विपक्ष की सर्व सहमति से 30 जुलाई 2023 को निगम की सामान्य सभा में सहमति भी मिली। इसके बाद ट्रांसपोर्ट नगर के व्यापारियों की आपत्ति और विरोध को देखते हुए इस मामले में दोबारा विचार करने के लिए संयुक्त रूप से मीटिंग का दावा किया गया। इसके बाद चुनावी तैयारी के चलते मामले की फाइल दब गई।अब आयुक्त बदलने के बाद निगम के प्रतिनिधियों ने खुद आगे आने और मामले में निर्णय लेने की बजाय इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया।

### बिरगांव निगम आयुक्त बदलते ही तालमेल बनाने मीटिंग भी नहीं हुई इसलिए..

#### तीन महीने निगम चलाता पार्किंग

निगम की सीमित आय और ट्रांसपोर्ट नगर में स्ट्रीट लाइट, सफाई के साथ ही मूलभूत सुविधा को मेंटेन करने के लिए वाहनों की पार्किंग दर निर्धारित की गई। इसमें प्रावधान किया गया कि निगम द्वारा तीन माह तक स्वयं वाहनों से पार्किंग शुल्क वसूल की जाएगी। इसके बाद ही निगम प्रशासन द्वारा टेंडर के तहत ठेका दिया जाएगा। यह प्रक्रिया आगे बढ़ने से पहले ही विरोध और आपत्ति के चलते ठंडे बस्ते में है। इससे ट्रांसपोर्ट नगर में स्ट्रीट लाइट, सफाई और सुरक्षा का बुराहाल है। इसके लिए प्रयास करने की बजाय जिम्मेदार प्लानिंग को ही भूल गए हैं।

#### 24 घंटे के लिए तय पार्किंग दरें

01. टेक्टर, मेटाडोर रु. 150
02. बैकहोलोडर, पैलोडर- रू. 200
03. ट्रक (06 चक्का) रू. 200
04. ट्रक (10 से 12 चक्का) रू. 250
05. ट्रक- 12 से 20 चक्का ट्राला, रू. 300

#### मामले जल्द चर्चा की जाएगी

पूर्व आयुक्त की मंशा के तहत ही ट्रांसपोर्ट नगर में पार्किंग को लेकर प्लानिंग की गई थी। उसे सामान्य सभा में मंजूरी मिली, लेकिन विरोध की वजह से निर्णय नहीं ले पाए हैं। जल्द ही इस मामले में चर्चा की जाएगी।
-**नंदलाल देवांगन**, महापौर, नगर निगम, बिरगांव

## खबर संक्षेप



### दिवंगत गोपाल वोरा की स्मृति में हुई श्रद्धांजलि सभा

**रायपुर।** प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार गोपाल वोरा का निधन विगत दिनों हो गया, जिनकी श्रद्धांजलि सभा सप्रे साला स्थित सभागृह में रविवार को हुई। इस अवसर पर प्रदेश के नेताओं, पत्रकारों एवं नागरिकों ने स्व. वोरा के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए उनके पत्रकारीय योगदान को सराहा। रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि स्व. वोराजी से हमारे पारिवारिक रिश्ता था। वे हमेशा मेरा मार्गदर्शन करते रहे, जब भी मैं चुनाव मैदान में होता तो वे मेरा हौसला अफजाई करते थे।

### सुनील की जीत से पिछड़ा वर्ग में उत्साह अभिनंदन की तैयारी

**रायपुर।** भाजपा नेता सुनील सोनी की रायपुर दक्षिण से ऐतिहासिक जीत ने पिछड़ा वर्ग में उत्साह भर दिया है। छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग संगठन के नेतृत्व में चलाए गए पिछड़ा जगाओ अभियान को उनकी जीत का प्रमुख कारण माना जा रहा है। अब संगठन ने नवनिर्वाचित विधायक सुनील सोनी का सामाजिक अभिनंदन करने का निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग संगठन ने प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर के नेतृत्व में विभिन्न समाजों के प्रमुखों के साथ अभियान चलाया। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देशन में इस अभियान के जरिए पिछड़े वर्ग में एकजुटता लाई गई। संगठन ने कम मतदान के बावजूद सुनील सोनी की बड़ी जीत को पिछड़ा वर्ग की ताकत में इजाफा बताया। इनमें संगठन प्रमुख शारदा प्रसाद सोनकर, दयालुराम देवांगन, सोमनाथ साहू, गिरीश यदु और अन्य शामिल रहे।

### सीएम साय ने सुनी पीएम मोदी के 'मन की बात'

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम की 116वीं कड़ी छत्तीसगढ़ में सभी जगह बूथ केंद्रों पर सुनी गई। विभिन्न स्थानों पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव सहित प्रदेश सरकार के मंत्री, सांसद-विधायक और पार्टी पदाधिकारियों ने उपस्थित होकर यह प्रसारण सुना। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री साय ने पुलिस परेड ग्राउंड रायपुर में यह कार्यक्रम सुना। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने अपने देवेंद्र नगर स्थित निवास में मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस दौरान पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप मौजूद रहे।

## निधन

### भारत राम साहू



**गुरुर।** ग्राम अमोरा निवासी भारत राम साहू 53 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। वे देवकी बाई साहू के पुत्र, सीमा साहू के पति, हुमन साहू, टामीन साहू, गोपाल साहू के भाई एवं डानेश्वरी साहू, दिव्यानी साहू, उपासना साहू, मधु साहू और युवराज साहू के पिता थे।

---

**आयोजन**

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित ने किया लोकार्पण व भूमिपूजन

# कुथरेल के ग्रामीणों को लाखों के विकास कार्यों की मिली सौगात





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

- कार्यक्रम के दौरान मितानिनों एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों का किया गया सम्मान

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कुथरेल के ग्रामीणों को विभिन्न विकासकार्यों की सौगात मिली। विधायक एवं राज्य ग्रामीण व अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष - ललित चन्द्राकर ने विभिन्न विकासकार्यों का लोकार्पण एवं



भूमिपूजन किया। इसके साथ ही समाज सेवा में सदैव तत्पर रहने वाली मितानिन बहनों तथा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान सभी वार्डों में स्वच्छता के कूड़ादान का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र को आत्मसात करते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार एक सशक्त, सुरक्षित और समृद्ध छत्तीसगढ़ के निर्माण की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से हर वर्ग का विकास हो रहा है।

इस अवसर पर दुर्ग जनपद पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख, सदस्य जिला पंचायत माया बेलचंदन, सभापति योगिता चन्द्राकर, सरपंच राजश्री चन्द्राकर, उपसरपंच लोमश चन्द्राकर सहित विभिन्न समाजों के पदाधिकारी व सदस्यों के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### इनका हुआ लोकार्पण

कार्यक्रम के दौरान चंद्राकर पारा संस्कृति भवन में प्रथम तल निर्माण, परिक्षेत्रीय साहू समाज भवन निर्माण, मानिकपुरी सामुदायिक भवन निर्माण, दिल्लीवार सामुदायिक भवन निर्माण, गायत्री मंदिर सड़क पारा में चेकर टाइल्स कार्य, सामुदायिक भवन निर्माण, वार्ड 07,08,पचरी निर्माण खदान पारा में प्रतीक्षालय निर्माण कार्य शीतला मंदिर, नदी देव में टाइल्स ग्रिल कार्य, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बालक में शेड निर्माण कार्य, संस्कृत कलमान बस्ती पारा में टाइल्स ग्रीन रंग रोगन एवं ग्रामीण देवी स्थलों पर टाइल्स कार्य का लोकार्पण किया गया।

### इन निर्माण कार्यों के लिए किया गया भूमिपूजन

कार्यक्रम के दौरान धान खरीदी केंद्र में चबूतरा एवं शेड निर्माण, आबादी पारा वार्ड 06 में सामुदायिक भवन निर्माण नाली निर्माण कार्य नया तालाब के पास तथा वार्ड क्रमांक 7 व 8 में मंच निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया।

---

# संविदा अवधि समाप्त होने के बाद भी ली जा रही सहायक वन संरक्षक की सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- वन रक्षक भर्ती प्रक्रिया में भी संलग्न रहने से उठ रहे सवाल
- जिला पंचायत सदस्य पुष्पेन्द्र ने की पदमुक्त करने की मांग

संविदा की अवधि समाप्त होने के बाद भी जिला लघु वनोपज सहकारी संघ में सहायक वन संरक्षक के पद पर पदस्थ मधुसुदन डोंगरे लगातार कार्यालय में कार्य कर रहे हैं। सेवा अवधि खत्म होने के बाद भी वे वर्तमान में जिले में चल रहे वन रक्षक भर्ती जैसे महत्वपूर्ण कार्य में संलग्न हैं।

कांग्रेस शासन में 6 अक्टूबर 2023 को राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ रायपुर द्वारा जारी आदेश के तहत जिला लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित बालोद में मधुसुदन डोंगरे को एक वर्ष के लिए संविदा नियुक्ति प्रदान की गई थी। श्री डोंगरे सेवानिवृत्त सहायक वन संरक्षक रहे हैं। श्री डोंगरे की संविदा अवधि अक्टूबर में समाप्त हो चुकी है, उसके बाद भी वे लगातार जिला लघु वनोपज सहकारी संघ के कार्यालय जा रहे हैं एवं कार्य भी कर रहे हैं। संविदा नियुक्ति की अवधि समाप्त होने के बाद भी शासकीय कार्यों के संपादन करने से कई सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं, वर्तमान में जारी वन रक्षक भर्ती प्रक्रिया में भी उनकी सक्रिय भूमिका से भी कई सवाल खड़े हो रहे हैं। इस मामले में जिला पंचायत सदस्य पुष्पेन्द्र चन्द्राकर ने कहा कि पूरे मामले में प्रशासन द्वारा गोपनियता बरती जा रही थी। उन्होंने इस मामले का खुलासा करते हुए कहा कि सरकार द्वारा त्वरित कार्यवाही कर संविदा अवधि खत्म हो चुके कर्मचारी को तत्काल पद मुक्त किया जाए। इसके साथ ही उनके कार्यकाल एवं विशेषकर सेवानिवृत्ति के बाद भी किए गए कार्यों की जांच की जाए। उन्होंने कहा कि वन विभाग में चल रही भर्ती प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भूमिका को देखते हुए भर्ती प्रक्रिया भी संदेहों के दायरे में है। इसकी भी बारिकी से जांच की जानी चाहिए।

### विचाराधीन है संविदा अवधि बढ़ाने संबंधी फाइल

मामले में वनमण्डलाधिकारी से लगातार चर्चा करने के लिए मोबाईल पर संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे चर्चा नहीं हो सकी। वहीं, मधुसुदन डोंगरे ने कहा कि संविदा अवधि खत्म होने के बाद मैं अपनी मर्जी से कार्य नहीं कर रहा हूं। एमडी रायपुर के कहने पर कार्य कर रहा हूं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि संविदा अवधि बढ़ाने संबंधित फाईल शासन के पास विचाराधीन है।

---

## शासकीय विद्यालय चंदखुरी में बच्चों ने पारंपरिक नृत्यों की दी प्रस्तुति



**अंडा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चंदखुरी में शनिवार को बस्ताविहीन दिवस पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। छत्तीसगढ़ी सुआ नृत्य, रारुत नाचा प्रस्तुत कर बच्चों ने शिक्षकों एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष भूपेन्द्र साहू और प्रधान पाठक बाबूराय साहू ने सरस्वती मां की पूजा-अर्चना कर की। कार्यक्रम में शिक्षक त्रिभुवन देशमुख, देवकी नंदन शर्मा समन्वयक, चेतन साहू, स्वाति प्रसाद, सुनीता पालरकर, विजयादशमी पाटिल, पुष्पा गजेन्द्र, संतोष शर्मा, योगेश्वरी हरमुख एवं शाला समिति से दिव्या तिवारी, दुर्गा देशमुख, राधेलाल सोनी, दुष्यंत चंद्राकर शिक्षाविद एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

---

नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेश्वरी ने नगरीय निकाय मंत्री साव का जताया आभार

## नगर के 5 स्थानों पर होगा सामुदायिक भवन का निर्माण, 33 लाख स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेश्वरी गोपी साहू के प्रयास से नगर में पांच स्थानों पर सामुदायिक भवन निर्माण कार्यों के लिए 33 लाख की स्वीकृति नगरी प्रशासन विभाग से मिली है। इसके लिए लोकेश्वरी साहू ने नगरी निकाय मंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त किया है। श्रीमती साहू ने कहा कि हम नगर विकास के लिए हम संकल्पित हैं, दलगत राजनीति से ऊपर उठकर पार्षदों और वार्डवासियों की मांग पर सामाजिक सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य होंगे। नगर पंचायत के सभापति और वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद



अशोक चनाप और 1, 2 और 5 के वार्डवासियों की मांग पर टिकरापारा में सामाजिक एवं अन्य कार्यक्रम के लिए 7 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। इसी तरह सभापति ममता शर्मा पार्षद वार्ड क्रमांक 4 और वार्ड क्रमांक 3 व 4 के वार्डवासियों की मांग पर गायत्री चौक में 6 लाख की राशि सामुदायिक भवन के लिए, राजा पारा वार्डवासियों और वार्ड पार्षद शोहदरा देवांगन की मांग पर 7 लाख की राशि सामाजिक सामुदायिक भवन के लिए स्वीकृत की गई है। इसी तरह वार्ड नंबर 10 के वार्डवासियों और सुभद्रा टांडेकर पार्षद की मांग पर 6 लाख की राशि सतनामी समाज भवन के लिए, उपाध्यक्ष विद्या शर्मा पार्षद दसोदा भूआर्य और समस्त संजय नगर वासियों की मांग पर 12, 13 वार्डवासियों के लिए 7 लाख की राशि सामुदायिक भवन के लिए स्वीकृत कराई गई है। उक्त सभी सामाजिक सामुदायिक भवन का निर्माण संबंधित चिन्हांकित स्थान पर कराया जाएगा। सभी पार्षदों ने नगरी निकाय मंत्री का आभार जताया है।

---

## अनूपपुर-कटनी तक तीसरी रेललाइन पर मॉडिफिकेशन शुरू

**रायपुर।** अनूपपुर-कटनी तीसरी लाइन परियोजना के अंतर्गत अनूपपुर से कटनी के मध्य 165.52 किमी तीसरी लाइन का निर्माण 1680 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से किया जा रहा है। इस परियोजना के अंतर्गत अब तक 101 किमी तीसरी रेल लाइन का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। बिलासपुर-कटनी रेलमार्ग भारतीय रेलवे के महत्वपूर्ण मार्गों में से एक है, जो छत्तीसगढ़ के बिलासपुर से मध्यप्रदेश के कटनी तक फैला हुआ है। यह रेलमार्ग दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत आता है और विभिन्न महत्वपूर्ण शहरों और औद्योगिक क्षेत्रों को जोड़ता है। अनूपपुर-कटनी रेलखंड छत्तीसगढ़ राज्य के प्रमुख शहरों बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, रायगढ़ से होकर कटनी के रास्ते उत्तर भारत तक जाने वाले महत्वपूर्ण मार्ग का भी हिस्सा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में मुख्य रूप से क्षमता वृद्धि का कार्य बिलासपुर-झारसुगुड़ा 206 किलोमीटर चौथी लाइन, राजनांदगांव-कलमना, नागपुर 228 किलोमीटर तीसरी रेललाइन तथा अनूपपुर-कटनी 165 किलोमीटर तीसरी लाइन का कार्य किया जा रहा है।

---

## युवाओं को व्यक्तित्व विकास व करियर निर्माण को लेकर दिया गया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

- श्रीराम जानकी गायत्री शक्तिपीठ गुरुर में किया गया शिविर का आयोजन





श्रीराम जानकी गायत्री शक्तिपीठ गुरुर में ब्लॉक स्तरीय एक दिवसीय व्यक्तित्व युवा निर्माण शिविर का आयोजन किया गया।

उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि जिला समन्वयक बीएस अठनागर थे, अध्यक्षता ब्लॉक समन्वयक धनसिंग गंजीर ने की। विशेष अतिथि अध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद गुरुर राकेश साहू, पूर्व प्राचार्य नेमसिंग साहू थे, शिविर में गुरुर ब्लॉक के ग्राम अरकार, डोटोपार, सनौद, मोहारा, जेवरतला, डांडेसरा, तमोरा, गंगोरीपार, डरहारी, भुलण्डबरी, बोरतरा, गुरुर, ठेकवाडीह, बोहारडीह, कोलीहामार, भेजा, भर्रिगांव, उसरवारा, दर्रा, अकलवारा, दियाबाती, नरबडा, सरबदा, खुदनी, चूल्हापथरा, तार्री, कन्हारपुरी, सोहपुर, छेड़िया, टेंगना बरपारा, पेवरों सहित 35 गाँव के 130 युवा भाई-बहन शामिल हुए। इस शिविर में लक्ष्य निर्माण, कैरियर गाइडेंस, सफलता के सूत्र, बुद्धि बढ़ाने के वैज्ञानिक उपाय, गोल अचीव एक्टिविटी, व्यक्तित्व निर्माण के सूत्र, रचनात्मक कार्यक्रम के विषय में मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षक दल में दिलीप निर्मलकर, भोलेश्वर सिन्हा, निधि टुवानी, रोहित साहू, जगमोहन साहू शामिल थे। युवाओं ने उत्साह पूर्वक ज्ञान अर्जन किया और प्रश्नोत्तरी के दौरान प्रशिक्षक दल ने युवाओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में सभी को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। समापन सत्र के मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरुर ईशाप्रकाश साहू, विशेष अतिथि कोषाध्यक्ष गायत्री परिवार बालोद डॉ जेआर साहू थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनीष लुनहरे, द्वारिकानाथ ठाकुर, यशवंत गंगबेर, यादनाथ साहू, प्रेमाराम साहू, परस यादव, चितरेखा नागवंशी, हेमराज साहू, बालाराम साहू, कमलेश देवांगन का सहयोग रहा। कार्यक्रम में मंच संचालन नामदेव साहू तथा आभार और शांतिपाठ बहूर सिंह साहू परिवराजक ने किया।

---

## पेटेचुआ की महिलाओं ने बुजुर्गों का किया सम्मान, स्कूली बच्चों को दिया न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम पेटेचुवा की महिलाओं ने शासकीय प्राथमिक शाला पेटेचुवा में नेवता भोज का आयोजन किया।

गांव की बुजुर्ग माताओं बत्ती टेकाम, चीमको गवाड़े, सुखबत्ती मंडावी, मेलाबाई, बिरीज बाई, को शॉल व श्रीफल भेंटकर महिलाओं ने सम्मानित कर उनका आशीर्वाद लिया। ज्योति सलाम ने कहा कि सभी महिलाओं ने नेवता भोज एवं बुजुर्गों का सम्मान किया, जिससे अच्छा लगा। इस अवसर पर ज्योति सलाम, सुरुज टेकाम, प्रमिला जुर्री, राखी टेकाम, दुरपत सलाम, देसवरी, आशा टेकाम, अंजू मंडावी, गीता कुलदीप, सरस्वती निषाद, लक्ष्मी टेकाम ने सहयोग प्रदान किया।

---

## कलंगपुर समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष बने दिलीप, ग्रहण किया पदभार



**बालोद/कलंगपुर।** सेवा सहकारी समिति कलंगपुर के प्राधिकृत अध्यक्ष पद पर दिलीप कुमार कुल्हारे ग्राम कलंगपुर निवासी को नियुक्त किया गया है। गुण्डरदेही केंद्रीय शाखा प्रबंधक एमपी ठाकुर एवं तीजू कुल्हारे सहायक प्रबंधक कलंगपुर ने गुलाल लगाकर व गुलदस्ता भेंट कर पदभार सौंपा। पदभार ग्रहण करने के बाद श्री कुल्हारे ने कहा कि पदाधिकारियों से सामंजस्य बनाकर किसानों की समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, पूर्व संचालक उपाध्यक्ष बिसेलाल साहू, सुफल साहू, राजेंद्र सिन्हा, प्रमोद सिन्हा, अरविंद सेन, खिलेश्वर साहू, भागवत सिन्हा, कौशल साहू, भानु राम साहू, भीखम ठाकुर सहित समिति कर्मचारी एवं किसान उपस्थित थे।

---

## भोथली में लगा एनएसएस शिविर




**गुरूर।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ज्ञान ज्योति विद्यालय गुरुर का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत भोथली में कार्यक्रम अधिकारी प्यारे लाल साहू के निर्देशन में आयोजित है। शिविर में बच्चों ने गांव की गलियों की साफ सफाई की। वहीं, बच्चों ने रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

इसके साथ ही नाटक की प्रस्तुति देकर लोगों को नशामुक्ति के लिए प्रेरित किया। बौद्धिक परिचर्चा के अंतर्गत मनोवैज्ञानिक धमतरी गजानंद साहू ने बालकों के अधिकार एवं बाल मनोविज्ञान के संबंध में अपनी बात रखी। देवी भूमिका साहू भागवताचार्य ने बच्चों को जीवन जीने की कला के बारे में बताया। इस अवसर पर सरपंच पुरुषोत्तम साहू, उपसरपंच रूखमणी साहू, ईश्वर साहू रामजी साहू, अरविंद साहू, सहायक कार्यकम अधिकारी गायत्री साहू, ओमेंद्र यादव, शिविर नायक चिजरांशु कुलदीप एवं समस्त शिविरार्थी एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।






**खबर संक्षेप**



## विश्वविद्यालय की हॉकी पुरुष टीम की दूसरी जीत

**दुर्ग**। पूर्वी क्षेत्र अंतर विवि हॉकी पुरूष प्रतियोगिता सम्बलपुर विश्वविद्यालय ओडिसा में आयोजित हो रहा हैं जिसमें हेमचंद यादव दुर्ग की हॉकी पुरूष टीम ने लगातार दूसरे मैच में गुरू घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर छत्तीसगढ़ को 05-02 से पराजित कर जीत हासिल की। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गणेश यादव, अरबाज, सारिक, शादाब और कृष्णा ने 01-01 गोल कर टीम के जीत में योगदान दिया। टीम के इस जीत पर विश्वविद्यालय के कुलपति व आयुक्त दुर्ग संभाग सत्य नारायण राठौर, कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप एवं खेल संचालक डॉ दिनेश नामदेव ने बधाई दी। टीम के मैनेजर डॉ अजय लांजेवार सेठ रतनचंद सुराना महाविद्यालय दुर्ग व कोच दुर्गेश कन्नौजे शासकीय नवीन महाविद्यालय नवाघाट बेमेतरा है जिनके मार्गदर्शन में टीम अच्छे प्रदर्शन कर रहे है। टीम के मैनेजर द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि टीम का अगला मैच ब्रम्हपुर विश्वविद्यालय ओडिसा से होगा।

## नगर कबड्डी संघ की बालक बालिका चैंपियनशिप में लिया हिस्सा




**दुर्ग**। राज्य की 24 वीं जूनियर कबड्डी बालक, बालिका चैम्पियनशिप का आयोजन छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ कवर्धा कबीरधाम के सहयोग से पीजी महाविद्यालय कवर्धा में हुई। जिसमें दुर्ग नगर कबड्डी संघ की इकाई से बालक, बालिका की टीम इस चैंपियनशिप में भाग लिया। नगर कबड्डी संघ के संरक्षक शेरु प्रकाश यादव, प्रदीप मिश्रा, जीत हेमचंद यादव, अध्यक्ष रामदास यादव, उपाध्यक्ष, अश्विनी कुमार यादव, महासचिव भूपेन्द्र यादव, राकेश यादव, दिनेश कुमार साहू, कोषाध्यक्ष सुरेश गेलानी, अशरफिया स्पोर्ट्स एकेडमी के अध्यक्ष सरवत हुसैन, सदस्य भागवत यादव, सियाराम यादव, प्रीतम कुमार निर्मलकर, राज कुमार यादव ने टीम को बधाई दी।

**धान खरीदी : धान खरीदी केंद्र पहुंचे विधायक अनिला व कुंवरसिंह, कहा- नहीं हुआ समाधान, तो जड़ेंगे ताला**

# समितियों में पुराने बारदानों की कमी ने बढ़ाई समस्या, मामले को लेकर सियासत भी गरमाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

विकासखंड के धान खरीदी केंद्रों में व्यवस्था गड़बड़ाने लगी है। इस बार व्यवस्था बारदाने के कारण गड़बड़ा रही है। इसे लेकर किसानों में भारी आक्रोश देखा गया। कई धान खरीदी केंद्रों में बारदाना के अभाव में खरीदी बंद होने की आशंका जताई जा रही है। वहीं, इसे लेकर सियासत भी तेज हो गई है। किसानों की शिकायत पर सोमवार को गुंडरदेही एवं डौंडीलोहारा विधायक धान खरीदी केंद्र मुढिया, घीना व अ/ब/नवागांव पहुंचे।

खरीदी केंद्र में उपस्थित किसानों ने समस्या बताई। मुढिया, कोसमी व गारका के किसान पंचू रावटे, सियाराम गंधर्व व नरोत्तम रावटे ने बताया कि धान खरीदी केंद्र में बारदाना उपलब्ध नहीं है। किसानों को बारदाना लाने के लिए कहा जाता है। उधर, बाजार में बारदाना नहीं है। है भी तो मंहगे दाम पर बारदाना खरीदना पड़ रहा है, जबकि सोसाइटियों में 25 रूपये भुगतान करने का आदेश जारी किया गया है। किसान भूखन रावटे, अनूपचंद बढई, चंद्रकुमार देशलहरे ने बताया कि टोकन की भी व्यवस्था नहीं है।



### व्यवस्था नहीं सुधरी तो किसान समिति में ताला लगाएंगे : अनिला

खरीदी केंद्र पहुंची विधायक अनिला भेड़िया ने कहा कि धान खरीदी केन्द्रों में शीघ्र ही व्यवस्था सुधार कर किसानों के साथ न्याय करें, अन्यथा मजबूर होकर किसान सोसाइटी में ताला जड़ देंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की साय सरकार किसानों को परेशान न करे, अन्यथा परिणाम भुगतना पड़ेगा।

### व्यवस्था सुधारे सरकार : कुंवरसिंह

गुंडरदेही विधायक कुंवरसिंह निषाद ने कहा कि प्रत्येक धान खरीदी केंद्र में अव्यवस्था है। किसानों को टोकन के लिए भटकना पड़ रहा है। धान की पूरी कीमत एक साथ देने का वादा करने वाली साय सरकार पूरा पैसा देने में आनाकानी कर रही है। इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। खरीदी केंद्र में धान तौल करने वाले लेबर की भी व्यवस्था नहीं है। किसान स्वयं धान तौल रहे हैं। व्यवस्था नहीं सुधरी तो हम किसानों के साथ बड़ा आंदोलन करेंगे। धान खरीदी केंद्र में भूपेश नायक, गिरीश चंद्राकर, कोदूराम दिल्लीवार, अनिल लोढा, सरपंच भावना नायक, केशव शर्मा, पूनम रात्रे, भतेंद्र मानिकपुरी, बालक रावटे, गर्मेंद्र रावटे, मानिक सिन्हा सहित अनेक किसान उपस्थित थे।





## शार्टेज की भरपाई के लिए बोरे में तौल रहे ज्यादा धान

**बालोद**। समिति में बीते साल धान खरीदी प्रक्रिया में हुए शार्टेज की भरपाई के लिए समिति अब किसानों से अधिक धान तौल में ले रही है। यह सब कथित तौर पर समिति द्वारा लिए गए निर्णय के बाद किया जा रहा है। वहीं, बताया जा रहा है कि अधिक धान लेने के कारण समिति भी किसानों पर मेहरबान है और वह कचरा, गर्दा एवं बदरा व अधिक नमी युक्त धान भी किसानों से लिया जा रहा है।

- ज्यादा धान के बदले की जा रही धान की गुणवत्ता की अनदेखी

मामला सेवा सहकारी समिति सांकरा (क) का है। यहां सोमवार को निरीक्षण के दौरान पाया गया कि किसानों से तौल के दौरान 400 से 500 ग्राम ज्यादा धान लिया जा रहा है। वहीं किसानों के धान का अवलोकन करने पर कई किसानों के धान में गर्दा, काड़ी, कचरा एवं बदरा नजर आया था। वहीं धान में नमी भी निर्धारित मात्रा से अधिक लगी। मामले में जब गहराई से पड़ताल की गई तो एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ। यह खुलासा स्वयं समिति के प्रभारी प्रकाश कुमार ने किया। किसानों, तौलक एवं समिति प्रभारी से चर्चा के दौरान जो मामला उभरकर सामने आया उसके अनुसार समिति में बीते सत्र में 500 क्विंटल से अधिक शार्टेज आया था। उसकी भरपाई कथित तौर पर समिति के आय से की गई थी। इसे देखते हुए इस सत्र में शार्टेज न आए इसलिए समिति ने निर्णय लिया है कि प्रत्येक किसान से निर्धारित मात्रा से 400 से 500 ग्राम अधिक लिया जाए। समिति संचालकों के अनुसार इसके लिए किसानों ने भी अपनी सहमति दी है। आरोप है कि अधिक धान देने के कारण किसान द्वारा लाए जा रहे धान में स्थित गर्दा, कचरा, भूसा, काड़ी, बदरा व अधिक नमी को भी समिति नजर अंदाज कर खरीदी कर रही है।

### शार्टेज मेंटेन करने ले रहे 41 किलो धान

मामले में समिति प्रभारी प्रकाश कुमार ने कहा कि धान खरीदी किसानों की सहमति से ही की जा रही है। बीते सत्र में 500 क्विंटल से अधिक का शार्टेज आया था। अभी किसानों की सहमति से 41 किलो तक धान एक कट्टा में लिया जा रहा है। वहीं, सहायक नोडल अधिकारी ने कहा कि ऐसी कोई शिकायत नहीं मिली है। एक कट्टा में नया बोरा होने पर 40.580 किलो व पुराना बोरा होने पर 40.665 किलो धान लेना है।

## कोचवाही व पोंड़ से डोकला पहुंच मार्ग पर पुल क्षतिग्रस्त, आवागमन में हो रही समस्या

**ग्रामीणों ने की पुल निर्माण की मांग**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कोचवाही एवं ग्राम पंचायत पोंड़ से डोकला पहुंच मार्ग पर बनाया गया पुल क्षतिग्रस्त हो चुका है। ग्राम पंचायत पोंड़ एवं कोचवाही के सरपंच लगातार क्षतिग्रस्त पुल की मरम्मत की की मांग कर रहे हैं, लेकिन जनप्रतिनिधि एवं नेताओं द्वारा कोई पहल नहीं की जा रही है। इसके कारण ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बता दें कि यह सड़क मार्ग का एक मात्र पुल है, बारिश के दिनों में पानी के तेज बहाव के कारण पुल टूटकर बह गया है। यही कोचवाही, मुजालगोदी, डोकला के ग्रामीणों का मुख्य रास्ता है।

मुजालगोदी के ग्रामीण सोमप्रकाश साहू, जवाहर मंडावी, युवराज मंडावी, रेवा रमन खुराना, पूरन देहारी, सांवत राम बर्मन, दयाराम मंडावी, नारद मंडावी, रविन्द्र कुलदीप ने बताया कि इस सड़क मार्ग पर जो पुल बना था, वह किसानों के लिए महत्वपूर्ण था। पुल के क्षतिग्रस्त हो जाने से आने-जाने में परेशानी हो रही है। किसानी कार्य में भी दिक्कत आ रही है। इस मार्ग के अतिरिक्त कोई रास्ता नहीं है, जिसके कारण किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### कलेक्टर व सांसद-विधायक को दिया आवेदन, किसी ने नहीं दिया ध्यान

कोचवाही के किसान भुनेश्वर ओटी, महेश भुआर्य, ग्राम पटेल विष्णु ठाकुर, रोहित यादव, रुपराय महला, राकेश राणा ने बताया कि कोचवाही से डोकला जाने के लिए यह सुगम रास्ता है। लेकिन, पुल क्षतिग्रस्त हो जाने से परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को आने-जाने के लिए इस मार्ग पर पुल बनाने की जरुरत है। इस मामले में पोंड़ के सरपंच नरसिंह चोरमार ने बताया कि मुजालगोदी से डोकला पहुंच मार्ग पर पुल क्षतिग्रस्त हो जाने की जानकारी कलेक्टर, सांसद तथा विधायक को कई बार आवेदन देकर बता चुके हैं। लेकिन, इसकी मरम्मत के लिए कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इसी तरह कोचवाही की सरपंच भुनेश्वरी यादव ने बताया कि किसानों की मांग को लगातार शासन तक पहुंचा रहे हैं, लेकिन आज तक किसी ने इस ओर पहल नहीं की है।



### धान खरीदी केंद्र का अतिरिक्त तहसीलदार ने किया निरीक्षण

**बालोद/कलंगपुर**। सेवा सहकारी समिति कलंगपुर के धान खरीदी केन्द्र में गुण्डरदेही अतिरिक्त तहसीलदार चन्द्रशेखर चन्द्राकर ने धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान तहसीलदार ने सहायक प्रबंधक से कहा कि किसानों को धान बेचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही किसानों के लिए पेयजल की उचित व्यवस्था करें। इस अवसर पर गुण्डरदेही शाखा प्रबंधक एमपी ठाकुर, प्राधिकृत अध्यक्ष दिलीप कुमार कुल्हारे, सहायक प्रबंधक तीजू कुल्हारे, खिलेश्वर साहू, कौशल साहू, भागवत सिन्हा, पन्ना लाल साहू, सुफल कुल्हाड़े सहित किसान उपस्थित थे।

**ग्राम भाठागांव(बी) में श्रीमद् भागवत कथा जारी**

## भगवान खट्टे-मीठे भोग के नहीं, वे तो प्रेम के भूखे हैं : राजीव नयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा

ग्राम भाठागांव(बी) में भागवत पुराण में कथा वाचक राजीव नयन महाराज ने कहा कि भगवान खट्टे-मीठे भोग के भूखे नहीं है, वे तो प्रेम के भूखे हैं।

लेकिन लोग उन्हें भाव से पाना नहीं चाहते। जो सारे विश्व को खिलाता है, वे स्वयं जगन्नाथ हैं, वे हमसे-तुमसे क्या खाएंगे।



कथावाचक ने पाश्चात्य संस्कृति के अंधानुकरण पर कहा कि आज पाश्चात्य देशों में रहने वाले लोग भारतीय संस्कृति को अपना रहे हैं और यहां लोग क्षणिक सुख की अभिलाषा से पाश्चात्य संस्कृति को स्वीकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर युग में, हर जन्म में पुत्र को श्री कृष्ण और श्री राम की तरह आज्ञाकारी होना चाहिए। आज के दौर में माता-पिता मिलकर पांच बच्चों को पालते हैं। लेकिन बड़े होने के बाद पांच–पांच बेटे बहुएं मिलकर भी दो मां–बाप को पालने से कतराते हैं। ऐसे लोग भयंकर पाप के भागी होते हैं।

ऐसे लोगों को स्वयं गिरधर भी नहीं तार सकते। संत श्री ने सोमवार को श्री कृष्ण द्वारा कंस वध के उपरांत देवकी और वासुदेव जी के कारागार से मुक्त कराने के प्रसंग की विवेचना की। श्री कृष्ण नाम की महिमा बताते हुए उन्होंने कहा कि सफल सृष्टि के लिए एक ही कल्याणकारी विवेचन किया। श्री कृष्ण का उच्चारण अपने आप में मंत्र का उच्चारण है। संसार में एक ही शास्त्र है गीता रूपी श्री कृष्ण एक ही कर्म है श्री कृष्णा की सेवा श्री कृष्ण जब बोलते हैं तो शास्त्र बोलते हैं, यदि किसी ने कृष्ण को समझ लिया, तो फिर उसे कुछ पढ़ने की आवश्यकता नहीं होती।

online Booking:-www.tripuryatra.com




By Train-रिजर्वेशन कोच
20 दिसंबर से 01 जनवरी 2025, 10 जनवरी से 22 जनवरी 2025
21 फरवरी से 05 मार्च 2025, 07 मार्च से 19 मार्च 2025,
11 अप्रैल से 23 अप्रैल 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर(सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर, गोरखनाथ मंदिर, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ)
राशि:-स्लीपर 18500/- 3 एसी 25,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका,
झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग, दांत रोग का इलाज

शोक-संदेश

जन्म
15/06/1947



अवसान
20/11/2024

सौम्यता उनकी सुगंध थी, आनंद उनका जीवन था, सत्कर्म उनकी शोभा और परोपकार उनका कर्तव्य था।
मीठी मधुर स्मृतियां आपकी कभी नही मिट पायेंगी, आपका व्यवहार आपकी बातें, सैदव हमें याद आयेंगी।।
अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि
स्व. श्रीमती जमुना बाई जायसवाल
(धर्मपत्नी जगदीश राम जायसवाल)
का दिनांक 20 नवम्बर, दिन बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया हैं,
उनकी आत्मा की शांति हेतु 26 नवम्बर दिन मंगलवार को गंगा पूजन
व शांति-भोज का कार्यक्रम आयोजित है जिसमें आप सादर आमंत्रित है...
शोकाकुल
जगदीश राम जायसवाल (पति)- सेवानिवृत्त शिक्षक
देवेन्द्र जायसवाल (पुत्र) - पूर्व सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग
महेन्द्र जायसवाल (पुत्र) - खण्ड कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ
मेघेन्द्र जायसवाल (पुत्र) - छत्तीसगढ़ी फिल्म निर्माता
पुष्पा देवी (पुत्री), दिनेश (दामाद), भारती, ममता (पुत्रवधु) एवं समस्त जायसवाल परिवार, डौण्डी लोहारा
टीप - जिन प्रियजनों एवं साथियों को शोक पत्र नहीं मिल पाया हो तो कृपया इसे ही स्वीकार करें।